मध्य प्रदेश: आईटी निवेश का नया केंद्र

चर्चा में क्यों ?

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के अनुसार राज्य अब **IT, ITES** (Information Technology Enabled Services) और **ESDM** (Electronics System Design and Manufacturing) क्षेत्रों में एक प्रमुख निवेश केंद्र के रूप में उभर रहा है।

मुख्य बिंदु

- **आकर्षक केंद्र:** राज्य सरकार की IT और **ESDM** नीति, डाटा सेंटर पार्क, **IT पार्क्स और स्टार्ट-अप्स** के विकास ने मध्यप्रदेश को तकनीकी निवेश के लिये आकर्षक केंद्र बना दिया है।
- मध्यप्रदेश **डिजिटल इंडिया मिशन के तहत** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, बिग डेटा, ब्लॉकचेन और साइबर सिक्योरिटी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने में अग्रणी है।
- **प्रमुख शहर: इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर** जैसे शहर अब आईटी कंपनियों के नए केंद्र बन चुके हैं।
- 24-25 फरवरी 2025 को भोपाल में **ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट** का आयोजन किया जाएगा जिसमें आईटी और टेक्नोलॉजी निवेशकों को प्रदेश की व्यापक संभावनाओं से परिचित होने का उत्कृष्ट अवसर मिलने की संभावना है।

ITES

- ITES का पूरा नाम "**Information Technology Enabled Services" (सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएँ)** है, जो व्यवसायों और संगठनों को विभिन्न सेवाएँ प्रदान करने के लिये सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग को संदर्भित करता है। इसमें डाटा प्रोसेसिंग, ग्राहक सहायता, तकनीकी सहायता और परामर्श जैसी सेवाएँ शामिल हैं।
- ITES के कुछ सामान्य उदाहरणों में शामिल हैं:
  - KPO (नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग)
  - **BPO (बिज़नेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग)**
  - LPO (लीगल प्रोसेस आउटसोर्सिंग)
  - GPO (गेम प्रोसेस आउटसोर्सिंग)
  - EDI (इलेक्ट्रॉनिक डाटा इंटरचेंज)
- **ESDM**
  - ESDM का पूरा नाम **इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन और मैन्युफैक्चरिंग है**। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और सिस्टम के डिज़ाइन, विकास और निर्माण के सभी पहलुओं को कवर किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-new-hub-for-it-investment